## बीमा कंपनी से क्लेम लेने गाड़ी मालिक ने रचा षडयंत्र
# घटना स्थल बदल शव को गाड़ी के नीचे डाल किया गुमराह





**शहडोल।** 20 जून को बुढ़ार थाना क्षेत्र के लुकामपुर में हाईवा से हुए हादसे को छुपाने के लिए उसके मालिक ने ऐसा खेल रचा कि वह खुद अपने बिछाये जाल में फंसता चला गया, दरअसल गाड़ी का बीमा और चालक के पास लायसेंस न होने के कारण घटना में हुई मौत के बाद लाश को 10 से अधिक किलोमीटर दूर लाकर नये स्थान पर दुर्घटना कारित होने का ड्रामा रचा गया, लेकिन बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल की सूझबूझ से पूरा मामला सूखे पत्तों की तरह बिखरता चला गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी चालक और वाहन के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करने के साथ ही इसकी जांच शुरू कर दी है।

### यह है मामला

बुढार थाना क्षेत्र के सिंहपुर-विक्रमपुर रोड पर 20 जून को एक डग्गी वाहन के नीचे एक व्यक्ति के एक्सीडेंट होने की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई, जांच के दौरान जो तस्वीर सामने आई उसने पुलिस को भी हिलांकर रख दी, दरअसल लुकामपुर रेत खदान में 20 जून को हाइवा गाड़ी मालिक विनोद सोनी के चालक भोलू बैगा ने रेत के ढेर के ऊपर बैठे नरेश बैगा, एक अन्य साथी मो फरियाद के साथ बैठकर बातचीत कर रहे थे, तभी एक हाइवा ने दोनों को

**पुलिस ने अनसुलझी हत्या या एक्सीडेंट का खोला राज**

कुचलते हुए निकल गई, इस घटना में सराईकांपा निवासी नरेश बैगा पिता समय बैगा को गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई व उसका सिंहपुर निवासी साथी मो. फरियाद पिता मो इस्लाम को गंभीर चोट आई, इस दौरान गाड़ी मालिक विनोद सोनी ने घायल फरियाद को 30 हजार रुपये देकर इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करा दिया, साथ ही इस घटना के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं देने की बात कही।

### गाड़ी मालिक ने रचा षडय़ंत्र

विनोद ने हाइवा जिसका बीमा नहीं था, साथ ही उसके चालक का लाइसेंस नहीं था दोनों को बदल को बदल दिया और अपनी एक 407 डग्गी और एक कुशवाहा ड्राइवर को ला कर सिंहपुर-विक्रमपुर रोड पर डग्गी खड़ी कर उसके नीचे मृतक नरेश बैगा का शव रखकर पुलिस को सूचना दिया कि डग्गी एक्सीडेंट में नरेश की मौत हो गई, बुढार पुलिस व एसडीओपी सहित एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच मौका मुआयना किया तो नजारा कुछ और दिखाई दिया, संदेह होने पर बुढार पुलिस ने बारीकी से इस मामलें की जांच की तो, हैरान कर देने वाला सामने आया। गाड़ी न मालिक, चालक व हेल्फर मिलकर षड्यंत रचते हुए हाइवा चालक के पास लाइसेंस नहीं होने व गाड़ी का बीमा क्लेम लेने के लिए न केवल गाड़ी बदल दी, बल्कि इस घटना स्थल बदल कर बदली हुई गाड़ी के नीचे शव रखकर एक्सीडेंट शो कर दिया, इस षडय़ंत्र में घायल फरियादी की भूमिका भी संदिग्ध रही, पुलिस पूरे मामले की जांच कर षड्यंत करने वाले चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## खबर संक्षेप

### मंदिर से भगवान चोरी



**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बदमाशों ने भगवान पर ही हाथ साफ कर दिया। भगवान की चोरी से लोगों में आक्रोश है। पुलिस पहुंची और लोगों के साथ खोजबीन की तो कुछ दूर में मिले। घटना के संबंध में बताया गया कि बदमाशों ने पुरानी बाउली शिव मंदिर से शिवलिंग चोरी कर लिया, बदमाशों ने शिवलिंग सहित त्रिशूल गायब कर दी। मंदिर से शिव लिंग गायब होने की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस पहुंची। संदेह के आधार पर पुलिस ने खोजबीन की तो शिवलिंग कीचड़ के पास पानी में डूबा हुआ मिला। मंदिर के आस-पास नशीले कफ सीरप की खाली शीशी मिली है। आशंका जताई जा रही है कि नशेडिय़ों ने इस घटना को अंजाम दिया होगा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

### आज मनाया जाएगा सेवा दिवस

**शहडोल।** वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता का जन्म दिवस प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा दिवस के रूप में मनाया जाना है। संभागीय मुख्यालय स्थित कल्याणपुर में वृद्ध आश्रम में समस्त वरिष्ठजनों के बीच में वृक्षारोपण के साथ सेवा दिवस मनाया जाएगा। आप सभी अपने परिवार और ईस्ट मित्रों को साथ लेकर कल्याणपुर स्थित वृद्ध आश्रम दोपहर 3 बजे 24 जून सोमवार को पहुंचे और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### कमिश्नर ने पीएससी परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय में चल रही लोक सेवा आयोग के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने महाविद्यालय में बनाए गए नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया और महाविद्यालय में लोक सेवा आयोग 2024 की प्रारंभिक परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर प्राचार्य शासकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय मुकेश तिवारी भी साथ रहे।

### कमिश्नर ने बच्चों को पिलाई पोलियो निरोधी दवा



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद ने पल्स पोलियो अभियान के तहत जिला चिकित्सालय शहडोल में बच्चों को पोलियो निरोधी दवा पिलाई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. लाल, शिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ .जी.एस.परिहार ने भी बच्चों को पोलियो निरोधी दवा पिलाई। इस मौके पर कमिश्नर ने बच्चों के परिजनों से चर्चा की तथा उन्हें पोलियो निरोधी दवाई के महत्व के संबंध में समझाईस दी। कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली।

### सडक़ दुर्घटना में युवक की मौत

**उमरिया।** चंदिया-उमरिया के बीच बरम बाबा के समीप मोटर साइकल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, मोटर साइकल चालक को गंभीर हालत मे 108 की मदद से जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक बलकर चलाता था और भरौला में रहता था, उक्त युवक जबलपुर के आस-पास का रहने वाला बताया गया है, चंदिया पुलिस एवं भरौली पुलिस चौकी मौके पर पहुंची थी, पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी है।

## शहडोल मुख्यालय सहित समस्त थानों में चलेगा जांच अभियान
# नाबालिग बाईकर्स मिले तो अभिभावकों पर गिरेगी गाज



**टीनएजेर्स लडक़े-लड़किया वाहनों से मचा रहे धूम**

**शहडोल।** शहडोल मुख्यालय सहित अन्य कस्बाई क्षेत्रों में टीनएज्रेर्स ने सडक़ों पर धूम मचा रखी है, लडक़े जहां महंगी बाईको में सायलेंसर बजाते हुए जान जोखिम में डाल फर्राटे से दौड़ रहे हैं, वहीं लड़कियां भी इसमें पीछे नहीं है, स्कूटी पर दो से तीन टीनएजेर्स लड़कियां भी शहडोल को महानगर की श्रेणी में लाकर खड़ा करने पर आमादा हैं। शहर के प्रमुख मार्गो के साथ आंतरिक मार्गो में टीनएजेर्स दो पहिया वाहनों को फर्राटे से इस तरह दौड़ा रहे हैं कि कब उनकी और सामने से निकल रहे लोगों की जान पर बन जाये, यह कहा नहीं जा सकता। यह हालत अकेले शहडोल में नहीं बल्कि जिले व संभाग के अन्य कस्बाई क्षेत्रों में भी कमोवेश यही स्थिति है। दो पहिया वाहनों में पहले लडक़े ही बाईकर्स के रूप में नजर आते थे, लेकिन अब टीनएजेर्स लड़किया भी पीछे नहीं है, स्कूटी से लेकर वर्तमान परिवेष में लड़किया बाईक पर भी दो से तीन की संख्या में नजर आती हैं। इस पूरे मामले में अभिभावकों की लापरवाही और बच्चों को दी गई छूट कभी भी किसी के लिए आफत बन सकती है, शहडोल पुलिस ने ऐसे बाईकर्स को चेताते हुए अभियान चलाने की बातें कहीं हैं। जिससे होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके और अभियान के तहत बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी समझाईश व दण्डित किये जाने की बाते सामने आई हैं।

### जान पर आफत

नाबालिग यातायात नियमों को ठेंगा दिखाते हुए बेधडक़ तेज रफ्तार से बाइक व स्कूटी चलाकर सख्त नए नियमों की धज्जिया उड़ा रहे हैं, लेकिन न तो इस पर परिवहन विभाग की और न ही यातायात पुलिस कोई संज्ञान ले रही है। सबसे खास बात तो यह है कि ये नाबालिग शहर की मुख्य सडक़ों पर भी ट्रिपल लोड होकर तेज गति से बाइक व स्कूटी को चलाकर लोगों को परेशानी में डाल रहे हैं। जिसकों लेकर आम राहगीरों को सडक़ों पर चलने तक में जान पर आफत बनी रहती है।

### नियमों को दिखा रहे ठेंगा

परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की अनदेखी या लापरवाही के कारण कभी भी सडक़ों पर बड़ा हादसा हो सकता है, नाबालिग तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए अपने साथ लोगों की जान को खतरे में डाल रहे हैं, रफ ड्राइविंग और ट्रिपल राइडिंग हो रही रही है। संभागीय मुख्यालय में 13 से 17 वर्ष के किशोर दोपहिया वाहनों से स्कूल, ट्यूशन और बाजार घूमने के लिए पहुंच रहे। इनमें से अधिकांश वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग भी नहीं करते हैं। यही नहीं कई दोपहिया वाहनों पर तीन-तीन नाबालिग सवारी करते हुए यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे है।

### जुर्माना के प्रावधान

नए नियमों में सख्त जुर्माने का प्रावधान 01 सितंबर 2019 से पूरे देश में लागू किया गया था, नए कानून में नाबालिग के वाहन चलाते पकड़े जाने पर वाहन मालिक को दोषी माना जाएगा। जिसमें वाहन मालिक को 25 हजार रुपये जुर्माना और 3 साल की सजा के साथ नाबालिग को 25 साल की उम्र होने तक लाइसेंस नहीं मिलेगा। इतना ही नहीं वाहन का रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया जाएगा। नाबालिग के खिलाफ किशोर न्याय एक्ट 2000 के तहत मुकदमा चलेगा। दुपहिया वाहनों में ओवरलोडिंग करने पर 100 रुपये की जगह तीन हजार फाइन देना होगा।

### इनका कहना है...

पहले भी टीनएजेर्स को लेकर जांच और कार्यवाही की गई है, एक-दो दिनों में विद्यालय प्रारंभ होने हैं, ऐसे में जल्द ही यातायात अमला अभियान शुरू करने जा रहा है।

**मुकेश दीक्षित**
**उपपुलिस अधीक्षक**
**यातायात, शहडोल**

टीनएजेर्स को छूट देने में उनके अभिभावकों की बड़ी लापरवाही रहती है, मुख्यालय के चिन्हित स्थानों पर जल्द ही विभाग यह अभियान छेड़ेगा, जिसमें जुर्माना की जगह हमारी प्राथमिकता बच्चों और अभिभावकों को समझाईश देने की होगी, मुख्यालय के अलावा जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी यह अभियान शुरू किया जा रहा है।

**अभिषेक दीवान**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**
**शहडोल**



# भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मखुर्जी का स्मृति दिवस

**जयसिंहनगर।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मृति दिवस भारतीय जनता पार्टी मंडल जयसिंहनगर के प्रत्येक बूथ पर मनाया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के स्मृति दिवस के अवसर पर मंडल स्तरीय कार्यक्रम के तहत भाजपा मंडल जयसिंहनगर की मण्डल कार्यसमिति का आयोजन जयसिंहनगर मे किया गया, जिसमे अतिथि के रूप मे भारतीय जनता पार्टी शहडोल के जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह एवं जयसिंहनगर विधानसभा विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, जयसिंहनगर मंडल प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे, मण्डल कार्यसमिति का नेतृत्व भाजपा मंडल जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष राम नारायण पाण्डेय ने किया एवं मंच का संचालन मंडल महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मे सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओ ने सर्व प्रथम भारत माता,भाजपा के संस्थापक रहे पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीन दयाल उपाध्याय की छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं कार्यक्रम मे भाजपा जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष राम नारायण पाण्डेय ने अपने स्वागत में सभी अतिथियों एवं भाजपा मंडल जयसिंहनगर के समस्त कार्यकर्ताओ का स्वागत करते हुए पिछले चार वर्षो मे भाजपा मंडल जयसिंहनगर की संगठनात्मक उपलब्धियों के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ताओ का आभर व्यक्त किया, मंडल अध्यक्ष ने बताया की पिछले दिनों संपन्न हुए विधानसभा एवं लोकसभा के निर्वाचन मे भाजपा मंडल जयसिंहनगर से भाजपा प्रत्यासी को विपक्षी दलों पर भारी बढ़त मिली, जिसका पूरा श्रेय जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन मे कार्य करने वाले मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओ को जाता है।

### क्षेत्र में विकास के लिए सदैव उपलब्ध रहूंगी: विधायक

भाजपा मंडल जयसिंहनगर की मंडल कार्यसमिति मे शामिल हुई जयसिंहनगर विधानसभा विधायक मनीषा सिंह ने सर्व प्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को नमन कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के त्याग और बलिदान पर कार्यकर्ताओ से चर्चा की साथ ही भाजपा मंडल जयसिंहनगर के कार्यकर्ताओ का विगत दिनों सम्पन्न हुए विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव मे कार्यकर्ताओ की अथक परिश्रम के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा की जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक और पार्टी की कार्यकर्ता होने के नाते मैं क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए संकल्प बद्ध हूँ एवं क्षेत्र से जुडी समस्या के निराकरण की दिशा मे हर सम्भव प्रयास करूंगी द्य

### त्याग और बलिदान से बनी है भाजपा: कमल

भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ने अपने वक्तव्य मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के त्याग और बलिदान पर चर्चा करते हुए कहा की स्वतंत्र भारत की कांग्रेस सरकार मे केंद्रीय मंत्री रहे मुखर्जी जी ने तत्कालीन केंद्र सरकार की जम्मू कश्मीर को भारत से अलग विशेष राज्य, अलग वजीरे आजम की नीति से निराश होकर केंद्रीय मंत्री के पद से त्याग देकर प. दीन दयाल उपाध्याय जी के साथ एक देश एक संविधान और एक प्रधान की नीति के लिए भारतीय जनता पार्टी के निर्माण की नींव रखी थी और राष्ट्र की एकता के लिए कार्य करते हुए अपने प्राणो का बलिदान दिया और आज वर्तमान मे जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है की भावना के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व केंद्र की भाजपा सरकार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करने का कार्य जम्मू एवं कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर किया हैं।

# शराब की होम डिलेवरी कराने वाला धराया




**शहडोल।** जिले के धनपुरी पुलिस ने शराब का अवैध कारोबार करने वाले भाजपा पार्षद समेत एक अन्य के खिलाफ कार्यवाही की है। पकड़े गए भापा नेता पार्षद के पास से अवैध शराब जप्त कर पुलिस ने कार्यवाही की है। इस पूरे मामले में आबकारी व पुलिस विभाग छोटे लोगो के खि ला फ कार्यवाही कर वाहवाही लूट रही है, जबकि पर्दे के पीछे शराब की होम डिलीवरी कर किराने दुकान से शराब बिक्री कराने वाले शराब ठेकेदार के गुर्गे व ठेकेदार पर कार्यवाही करने से दोनों विभाग कतरा रहे है। धनपुरी थाना क्षेत्र में शराब ठेकेदार के गुर्गों द्वारा बाइक पर शराब की होम डिलेवरी की जा रही थी, इतना ही थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमरकंटक रोड पर स्थित नेहा किराना दुकान से एक किशोर बालक द्वारा शराब की बिक्री की जा रही थी, शराब की होम डिलीवरी व किराना दुकान से शराब की बिक्री किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था, इन खबरों को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था, जिसके बाद धनपुरी पुलिस ने अवैध रूप से शराब रख के बिक्री किए जाने की सूचना पर छापामार कार्यवाही करते हुए धनपुरी नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के भाजपा पार्षद नारायण जायसवाल व मथुरा जायसवाल के पास 66 पाव देशी शराब जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# नशामुक्ति जन जागृति सप्ताह का आयोजन

**शहडोल।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस 26 जून के परिपेक्ष्य में नशामुक्ति जनजागृति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। नशीले पदार्थों का उपयोग समाज में तेजी बढ़ रहा है साथ ही यह एक सामाजिक समस्या का रूप ले रहा है। उक्त प्रवृति युवाओं विशेषकर स्कूल/कॉलेज के छात्र/छात्राओं में तेजी से बढ़ती जा रही है। जिसके कारण उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। साथ ही यह प्रवृति इनको अपराध घटित करने के लिए भी प्रेरित कर रही है। इसे रोकने हेतु देश व्यापी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शहडोल पुलिस द्वारा भी 23 जून को सभी थाना क्षेत्रों में नशामुक्ति जनजागृति अभियान का आयोजन किया गया एवं लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इससे बचने की समझाइश दी गई।

# 'धरती के भगवानों' ने बचाई आदिवासी युवक की जान, मिली नई जिंदगी





### सिग्मॉइड वॉल्वुलस नामक बीमारी से ढ़ाई फिट सड़ चुकी थी बड़ी आंत

**शहडोल।** जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम ने एक बार फिर इस पेशे को दी गई ''धरती के भगवानों'' की संज्ञा को आदिवासी जिले के सुदूर ग्राम बचरवार में रहने वाले तिलकधारी पाव को सिग्मॉइड वॉल्वुलस नामक बीमारी ने अपनी चपेट में ले लिया था, लगातार इस बीमारी से परेशान युवक मार्च माह के पहले सप्ताह में जिला चिकित्सालय पहुंचा था, सर्जन डॉ. राजा शीतलानी ने जांच के उपरांत पाया कि उसकी बड़ी आंत का लगभग ढ़ाई फिट का हिस्सा पूरी तरह सड़ चुका था, उस हिस्से को काटकर बाहर किये गये बिना तिलकधारी के जीवन की कल्पना खत्म हो चुकी थी। जिला चिकित्सालय के डॉ. राजा शीतलानी, डॉ. कुमारी प्रांजलि, डॉ. मनोज, डॉ. ऋषि और अन्य स्टॉफ ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए मरीज को भर्ती किया और 7 मार्च को उसका सफल ऑपरेशन किया गया।

### मौत के मुंह तक पहुंच चुका था युवक

जिले के बुढ़ार विकास खण्ड अंतर्गत जैतपुर के ग्राम बचरवार में रहने वाले खुलासी पाव के 45 वर्षीय पुत्र तिलकधारी पेट के बीमारी से थकहार कर 5 मार्च को जिला चिकित्सालय पहुंचा था, जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे सिग्मॉइड वॉल्वुलस नामक बीमारी से ग्रसित होना पाया, 7 मार्च को उसका जटिल ऑपरेशन किया गया और बड़ी आंत का लगभग ढ़ाई फिट का हिस्सा जो सड़ चुका था, उसे ऑपरेशन कर काटकर बाहर निकाला गया एवं दोनों सिरों को जोडऩे के बाद उसके पेट से मल त्याग के लिए एक वैकल्पिक रास्ता बनाया गया, लगभग ढ़ाई माह के बाद 2 जून को चिकित्सकों की टीम ने उसे दोबारा वापस बुलाया और दूसरा ऑपरेशन करते हुए पेट से मल त्याग वाले वैकल्पिक रास्ते को बंद किया गया। आमतौर पर ऐसे ऑपरेशनों पर 4 से साढ़े 4 लाख रूपये का खर्च आता है, वह भी शहडोल जैसे आदिवासी क्षेत्र में स्थित अस्पतालों में ऐसा इलाज दूर की कौड़ी माना जाता है, लेकिन धरती के भगवानों ने पीड़ित मानवता की सेवा को अपना धर्म मानते हुए तिलकधारी नया जीवन दिया।

## खबर संक्षेप

### 26 को मंत्री का भ्रमण कार्यक्रम

**उमरिया।** प्रदेश जन जातीय कार्य विभाग, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत तथा पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह 26 जून को उमरिया आयेंगे। श्री शाह 26 जून को प्रातः 9 बजे अमरकंटक से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे उमरिया पहुंचेंगे। दोपहर 3 बजे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण करेंगे तथा विभागीय योजनाओ की समीक्षा सर्किट हाउस उमरिया मे करेंगें तथा रात्रि विभाग सर्किट हाउस उमरिया में करेंगे। श्री शाह 27 जून को बांधवगढ राष्ट्रीय उद्यान उमरिया का भ्रमण करेंगे । दोपहर 2 बजे बांधवगढ राष्ट्रीय उद्यान उमरिया से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे ।

### करंट लगने से अधेड़ की मौत

**कोतमा।** थाना अंतर्गत उरतान गांव के निमहा टोला मे 45 वर्षीय व्यक्ति की करंट लगने से मौत का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रविवार की दोपहर में अस्पताल से तहरीर मिली की उरतान गांव के निमहा टोला निवासी मोहन पाव को इलाज के लिए अस्पताल लाये थे जहां अस्पताल पहुंचने के पूर्व मोहन पाव की मृत्यु हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि मोहन पाव की मृत्यु बिजली के करंट लगने से हुई है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस करंट लगने के कारणो की जांच में जुट गई है।

### हादसे में घायल एक बहन की मौत, दूसरे का पैर टूटा

**कटनी।** हादसे में दो बहनें गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनो को उपचार के लिए बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक की मौत हो गई, जबकि दूसरी बहन के पैर की हड्डी टूट गई। यह घटना तहसील मुख्यालय बरही से 15 किलोमीटर दूर उमरिया जिले के इंदवार थानाक्षेत्र के अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम चिल्हारी की है। शनिवार को बरही पुलिस ने मृतका का पंचनामा कार्यवाही एवं पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम चिल्हारी निवासी नंचु काछी पति कनछेदी 45 वर्ष, विमला पति हेतराम काछी 40 वर्ष दोनों सगी बहने एवं देवरानी-जेठानी है। दोनों शुक्रवार की सांय करीब साढ़े 7 बजे खेत से घर लौट रही थी, तभी गांव के डामर प्लांट के पास बाइक की जोरदार ठोकर लगी। दोनों बहनें घायल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां नंचु काछी की दर्दनाक मौत हो गई, तो वही घायल दूसरी बहन का पैर टूटने के चलते बेहतर इलाज के लिए कटनी रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि लापरवाह बाइक चालक को पकड़कर ग्रामीणों ने अमरपुर चौकी पुलिस के हवाले कर दिया है।

### 15 महीने से फरार युवक को किया गिरफ्तार

**कटनी।** वन्यप्राणी पेंगुलिन की तस्करी में लंबे समय से फरार एक आरोपित को ग्राम महनेर से गिरफ्तार किया गया है। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश (एसटीएसएफ) क्षेत्रीय इकाई जबलपुर एवं वनमंडल कटनी के द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त रूप से कार्यवाही की। ग्राम मनहेर से प्रहलाद सिंह पिता बहादुर सिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स इकाई जबलपुर के द्वारा वन अपराध प्रकरण में वन्यप्राणी पेंगोलिन की तस्करी के संबंध में पंजीबद्ध किया गया था।

### खेत जाने के लिए निकले युवक की मिली लाश

**कटनी।** घर से खेत जाने निकले युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। मामला स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत गुदरी गाँव का है। जानकारी के अनुसार गुदरी गाँव निवासी फूलचंद आदिवासी 30 वर्ष घर से खेत जाने गुरुवार रात को निकला था। सुबह ग्रामीणों ने एक शव उसके खेत के पास गड्ढे में पड़ा देखा। ग्रामीणों ने शव देख उसकी पहचान फूलचंद आदिवासी के रूप में की गई।

## विधायक, कलेक्टर ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

# दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार: विधायक









**उमरिया।** भारत पोलियो मुक्त है , लेकिन पोलियो कुछ देशो मे अभी भी है और फिर लौट सकता है। अपने बच्चो की सुरक्षा मे कोई चूक न होनें दें। पोलियो की खुराक हर बार पिलाएं। पोलियो पर देश की जीत बनाये रखने के लिए सभी जन अपना सहयोग प्रदान करें। उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने जिला चिकित्सालय उमरिया में आयोजित पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए । उन्होने कहा कि पोलियो की दो बूंद अपने बच्चों को पिलवाकर पोलियो की जीत बरकरार रखे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक बांधवगढ़, कलेक्टर ने पूजा यादव ग्राम अंचला, मनीषा महोबिया ग्राम लालपुर, प्रीति रजक ग्राम भरौला, ज्योति विष्वकर्मा जिला मुख्यालय उमरिया के नवजात शिशुओ को पोलियो की दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विधायक बांधवगढ़ द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान अभियान 23 जून से प्रारंभ हो गया है । 24 एवं 25 जून को 0 से लेकर 5 वर्ष तक के छूटे हुए बच्चो को घर घर जाकर दवा पिलाने का कार्य किया जाएगा। उन्होने कहा कि अपने बच्चों् को पोलियो की दवा पिलाकर उनका भविष्य सुरक्षित करें । उन्होंने समाजसेवियो, स्वयं सेवी संस्थाओ, गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि वे भी पल्स पोलियो अभियान से जुडक़र अपने आस-पास के 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए उनके अभिभावको को प्रेरित करें, तभी इस कार्यक्रम की सार्थकता सिद्ध होगी और हम पोलियो पर जीत हासिल कर सकेंगे। कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.मेहरा ने बताया कि जिले में कुल 793 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो के ड्रॉप्स स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा लगभग 1 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी। इस के लिए ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ता द्वारा दीवार लेखन एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है । साथ ही ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य संस्थाओं के आपसी समन्वय कर बूथ लेवल पर ड्रॉप पिलाई जाएगी साथ ही राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के ग्राम में साथिया द्वारा भी कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया जा रहा है । इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.मेहरा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर ऋचा गुप्ता, जनप्रतिनिधि धनुषधारी सिंह, हरी गुप्ता, डॉ. अनिल सिंह, रोहित सिंह बघेल, मनीष विष्वकर्मा वैक्सीन कोल्ड मैनेजर, आरकेएसके से बुद्धराम रहंगडाले सहित अन्य जिला अस्पताल के कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता, आगनबाड़ी कार्यकर्ता , सुपरवाईजर उपस्थित रहे ।

**कलेक्टर ने दिलाया संकल्प**

जिला चिकित्सालय में विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने उपस्थित जनों को संकल्प दिलाया कि पल्स पोलियो अभियान मे अपने ग्राम, वार्ड, परिवार के समस्त 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को निकट के पल्स पोलियो बूथ पर दो बूंद पोलियो की खुराक पिलवायेगे । मेरे क्षेत्र का एक भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से नही छूटेगा। इस कार्य में हम सभी जन अपना सहयोग देंगे।

## परीक्षा केन्द्रो का कलेक्टर, सीईओ, अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 के लिए जिले में बनाये गये परीक्षा केंद्र शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय उमरिया, शासकीय पालीटेक्निक उमरिया, शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया, शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया का कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होना पाया गया। परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा की प्रथम पारी 682 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**उमरिया।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर व्दारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 की परीक्षा प्रथम पारी में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की गई । प्रथम पारी की परीक्षा में कुल दर्ज 969 परीक्षार्थियों में से 682 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी वहीं 287 परीक्षार्थी अनपुस्थित पाए गए। शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय उमरिया में 300 में से 221 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी, वहीं 79 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में 250 में से 163 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी, वहीं 87 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में 300 मे से 211 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी वहीं 89 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय में 119 मे से 87 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी वहीं 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### द्वितीय पारी में 675 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

द्वितीय पारी में दोपहर 2.15 से सायं 4.15 बजे तक आयोजित की गई । द्वितीय पारी की परीक्षा में कुल दर्ज 969 परीक्षार्थियों में से 675 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी वहीं 294 परीक्षार्थी अनपुस्थित पाए गए। शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय उमरिया में 300 में से 218 परीक्षार्थियो ने परीक्षा वहीं 82 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में 250 में से 160 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी, वहीं 90 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में 300 मे से 210 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी वहीं 90 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय में 119 मे से 87 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी वहीं 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# अवैधानिक तरीके से भंडारित खनिज रेत को किया गया जप्त



**उमरिया।** आयुक्त बी.एस.जामोद के निर्देशानुसार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में उप संचालक एवं प्रभारी खनिज निरीक्षक उमरिया के द्वारा मय खनिज अमले के साथ उमरिया जिले के पाली तहसील अंतर्गत ग्राम बलवई स्थित मुडन्ना नदी के किनारे का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान जगह जगह अवैधानिक तरीके से भंडारित खनिज रेत की मात्रा लगभग 12 ट्रक के संबंध में आस पास लोगों से पूछताछ की गई । पूछताछ के दौरान पता चला कि गांव के बाहर के लोगों के द्वारा ग्राम बिजौरी (शहडोल) जिले के सोन नदी से लाकर भंडारण किया गया है, किंतु किसी के द्वारा किसी नाम नही बताया गया, जिसे लावारिस जप्त कर एमडीओ बाबा महांकल मिनरल्स एवं प्राइवेट लिमिटेड के सुपरवाइजर एवं में सलूजा स्टोन क्रेशर प्लांट ओदरी के सुपुर्दगी में अग्रिम आदेश पर्यंत तक सुपुर्दगी में दी गई है,

## अनियमितता पाए जाने पर विक्रेता पर अर्थदण्ड

**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बांधवगढ रीता डेहरिया ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान मजमानीकला का कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बांधवगढ व्दारा खाद्यान्न वितरण के संबंध मे पूछताछ की गई । जिसमे पाया गया कि दुकान का संचालन महिला बहुउददेशीय सहकारी समिति मर्यादित मजमानी कला द्वारा संचालित है एवं दुकान विक्रेता नरेंद्र मिश्रा है। हितग्राहियो से पूछताछ करने पर उनके व्दारा बताया गया कि प्रतिमाह राशन मिल रहा है । माह मे 6 दिवस ही दुकान खुलती है । राशन वितरण को लेकर कोई समस्यां नही है ।उन्होंने बताया कि जांच के दौरान दुकान के बाहर निर्धारित प्रारूप में पीला बोर्ड लगा होना नही पाया गया। शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेता व्दारा दुकान से 205 पात्र परिवारो मे से 183 पात्र परिवारों को राशन वितरण करना पाया गया। विक्रेता द्वारा जांच दिनांक तक माह मई 2024 मे तीन दिवस दुकान खोलकर राशन वितरण करना पोर्टल प्रदर्शित पाया गया । जबिक शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस दुकान खोलने के निर्देश है । संपूर्ण प्रकरण का अवलोकन किया गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बांधवगढ द्वारा प्रस्तुत जांच कार्यवाही मय प्रतिवेदन में भौतिक मौका पंचनामा व प्रकरण में संलग्न उपभोक्ताओं के कथन का मनन किये जाने पर पाया गया कि अधिरोपित आरोप प्रमाणित है। नरेंद्र मिश्रा प्रबंधक महिला बहुउददेशीय सहकारी समिति मर्यादित मजमानकला विक्रेता शासकीय उचित मूल्य दुकान मजमानीकला के विरूध्द दुकान संचालन में पाई गई अनियमितताओ के लिए दो हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। अनावेदक को उक्त राशि को जारी आदेश से 10 दिवस के भीतर शासन के विभगीय शीर्ष मे चालान के जरिए जमा कराते हुए दो प्रतियां अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बांधवगढ़ में प्रस्तुत करने को कहा गया है ।

*शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में मनाया गया योग दिवस*

# विद्यार्थियों, कर्मचारियों ने किया योग अभ्यास, महत्व की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा महाविद्यालय में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया एवम सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रोशनी पांडेय के निर्देशन में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के द्वारा 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस गरिमामय तरीक़े से मनाया गया। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 के लिए ₹स्वयं और समाज के लिए योग₹ थीम निर्धारित की गई थी। महाविद्यालय में दसवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को सामान्य योगाभ्यास कराया गया एवं योग के महत्व के बारे में भी बताया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रोशनी पाण्डेय ने भी योगाभ्यास को प्रतिदिन करने के लिए प्रेरित किया। योग के विभिन्न आसनों के साथ थैरेपी की भी जानकारी दी। प्राचार्य ने बताया कि योग करने से मन के साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है तथा विभिन्न बीमारियों यथा मधुमेह, उच्च रक्त चॉप, घुटने व कमर के दर्द माइग्रेन की परेशानियों से आसानी से मुक्ति पाई जा सकती है। क्रीड़ा प्रभारी डॉ आदित्य गढ़ेवाल ने अनुलोम विलोम, कपालभाति, मण्डूकासन, वज्रासन, पद्मासन जैसी योग क्रियायों से सभी को अवगत कराया व स्वस्थ रहने के तरीके बताए। उन्होंने बताया प्रतिदिन योग करिए जिससे सभी का शरीर स्वस्थ रहता है। योगाभ्यास के दौरान डॉ. रामनरेश वर्मा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ.सुजीत सिंह, संजय वर्मन एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्र छात्राओं आनंद कुमार, रिंकी कुशवाहा, एवं आरती विश्वकर्मा ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया। इसके साथ साथ दसवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ₹स्वयं और समाज के लिए योग₹ पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- योगासन सेल्फी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन भी किया गया । जिसमें महाविद्यालय के स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं अन्य नागरिकों ने भी भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य योग के प्रचार - प्रसार के साथ साथ योग के महत्व को जानना एवं योग से सम्बन्धित जानकारियों को साझा करना था।

# जिले में पशु तस्करी व पशु क्रूरता का अवैध कार्य जोरों पर



**कोतमा।** जिले में पशु तस्करी एवं पशु क्रूरता का अवैध कार्य जोरो से चल रहा है। आए दिन बड़े वाहनों में पशुओं को क्रूरता पूर्वक भरकर तस्करी की जाती है। शनिवार की शाम को ऐसे ही एक ट्रक वाहन जो सतना से क्षमता से ज्यादा मवेशियों के भरकर कोतमा लाया गया। दो दर्जन से ज्यादा मवेशियों को क्रूरतापूर्वक रखकर लाने से 2 जानवरों की निर्दयता पूर्वक मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक निवासी मोहम्मद फिरोज निवासी मिजार्पुर उत्तर प्रदेश के खिलाफ धारा 429 आईपीसी एवं 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए वहां को जप्त कर थाने लाया। घटना के बारे में बताया जाता है कि ट्रक वाहन में क्षमता से ज्यादा मवेशियों को सतना से भरकर कोतमा के लिए चला था। कोतमा मवेशी बाजार में मवेशियों को खाली कर दिया गया लेकिन ठूस ठूस कर भरे मवेशी एवं मुंह बांधने के साथ चार पानी न देने से दो मवेशियों की मौत हो गई। मृत जानवरों को वाहन चालक द्वारा खुले में फेंक दिया गया जिस पर सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही गई। वहीं मृत मवेशियों को नगर पालिका अमले के सहयोग से उनका ठिकाने लगाया गया।

*दो पालियों में हुई परीक्षा, उड़नदस्ता टीम ने किया निरीक्षण*

# तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई परीक्षा में 666 परीक्षार्थी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रानी दुर्गावती विश्विद्यालय जबलपुर के द्वारा आयोजित बीएड द्वितीय सेमेस्टर की संचालित परीक्षा का निरीक्षण उड़नदस्ते की टीम द्वारा शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में किया गया। इस उड़नदस्ते टीम के संयोजक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी, समिति सदस्य डॉक्टर आरके गुप्ता डॉक्टर सरदार दिवाकर द्वारा आयोजित परीक्षा का निरीक्षण किया गया। आरडीवीवी, जबलपुर के द्वारा आयोजित बीएड द्वितीय सत्र की परीक्षा कटनी के शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित हो रही हैं। उड़नदस्ते के टीम ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 671 परीक्षार्थी में से 666 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं और 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें हैं। बीएड द्वितीय सत्र की परीक्षा सुबह की पाली 7 से 10 बजे में आयोजित हो रही हैं।

उड़नदस्ते की टीम ने आज निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र मैं समय पर उपस्थित होकर परीक्षा देने, परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार की नकल सामग्री को न लानें अन्यथा की स्थिति मे यूएफएम होने पर परीक्षार्थी को नुकसान होनें के संबंध मे जानकारी दी। उड़नदस्ते की टीम ने सभी परीक्षार्थीयों से कहा कि समय के प्रबंधन के साथ पढ़ाई करके अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। प्रोफेसर व्ही के द्विवेदी ने कहा कि बीएड की परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थी भविष्य के शिक्षक है और हम लोग उम्मीद करते हैं कि ये सभी लोग शिक्षक के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग भी आने वाले समय में प्रदान करेंगे। वरिष्ठ केंद्र अधीक्षक प्राचार्य डॉ एस के खरे ने कहा कि शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में आयोजित परीक्षाएं शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराई जा रही हैं। डॉ एस के खरे ने कहा कि तिलक महाविद्यालय का यही प्रयास होता है कि परीक्षा का संचालन व्यवस्थित रूप से हो और परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों। इस अवसर पर तिलक महाविद्यालय के सुबह की पाली के केंद्र अधीक्षक डॉ रुक्मणि प्रताप सिंह, सहायक केंद्र अधीक्षक श्री आनंद प्रताप सिंह, स्थाई वीक्षक डॉ विजय कुमार और परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने में शामिल मनीष मिश्रा, शुभम रैकवार, सुभाष सोंधिया, कालूराम केवट और रामगोपाल भी मौजूद रहें।

# अवकाश के दिनों में भी कार्य करेगा बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष, नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने आगामी मानसून एवं वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम, आपदा नियंत्रण कक्ष (बाढ राहत) क्रमांक 99 को 15 जून से 24 घंटे सातों दिवस संचालित करने के निर्देश दिये है। कंट्रोल रूम का नंबर 07622 220071 है। बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष क्रमांक-99 का नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर का बनाया गया है। जबकि सहायक नोडल अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन विभाग को नियुक्त किया जाकर इनके मार्गदर्शन में अवकाश दिवसों शनिवार एवं रविवार को तीन शिफ्ट मे 2-2 कर्मचारियों की आगामी आदेश पर्यन्त तक डयूटी लगाई जाकर निर्धारित दिवस व समय अनुसार डयूटी में उपस्थित रहने हेतु आदेशित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### योग से शरीर का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकासः लीनेस क्लब बुढ़ार



**धनपुरी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लीनेस क्लब बुढार ने आदिवासी छात्रावास बुढार में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। क्लब की डिर्स्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस स्नेहलता गुप्ता के द्वारा आदिवासी छात्रावास की बालिकाओं को योग प्रशिक्षण दिया और उनको कई आसन के बारे में भी जानकारी दी।इसके साथ ही योग के महत्व को भी समझाया। क्लब अध्यक्ष लीनेस अर्चना ओझा ने सभी को अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग मनुष्य के शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए बहुत जरूरी है इसलिए करें योग,रहें निरोग। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लीनेस बिंदा भगत,मीनू गुप्ता,छात्रावास की वार्डन मिलन मार्को मैम और कई छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

### लोकसभा निर्वाचन के अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक 29 जून को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 के सभी अभ्यर्थियों के व्यय लेखा संधारण के संबंध में एक दिवसीय फैसिलिटेशन कार्यक्रम 26 जून को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित किया गया है। इसके अतिरिक्त व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक 29 जून को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 10 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने समस्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों में उपिस्थिति सुनिश्चित करें तथा 3 जुलाई तक अपना निर्वाचन व्यय लेखा अनिवार्यतः प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन परिणाम घोषित होने के 30वें दिन तक अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा जमा किया जाना अनिवार्य है।

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन 15 जुलाई से



**रीवा।** कथा का सीधा प्रसारण निरंतर प्रसारित भी होगा.... साईं मंदिर प्रांगण धवारी मे श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया गया है इस संबंध में बताया गया है कि वृंदावन से सुप्रसिद्ध भागवताचार्य श्री आशीषाचार्य जी महाराज वृंदावनोपासक के श्री मुखारविंद से धारा प्रवाहित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन का आनंद लीजिए एवं भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं श्रीमद् भागवत कथा का सीधा प्रसारण महाराज श्री के यूट्यूब चैनल एवं फेसबुक पेज पर निरंतर प्रसारित होगा महाराज श्री सब्सक्राइब करके देख सकते हैं कार्यक्रम के संबंध में बताया गया है कि पंडाल में एक साथ हजार लोग बैठ सकेंगे एवं कथा का समापन एवं महाराज श्री की विदाई एवं लघु महायज्ञ पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन 22 जुलाई को किया गया है.. हम सब के लाड़ले कथा व्यास सुप्रसिद्ध महाराज श्री प्रदेश के एक ऐसे लोकप्रिय कथा व्यास है आपकी रसमई धाराप्रवाह वाणी सहज श्रोताओं को अलौकिक आनंद की अनुभूति कराती है भक्तजन श्रद्धा और भक्ति में सराबोर होकर सहज ही कृष्ण कथा में स्वयं को समर्पित कर देते हैं एवं कथा श्रवण के लिए आप सबसे आग्रह है कि समय से कथा पंडाल में पहुंचे।

# बिजली से वंचित कोई मोहल्ला ना रहे, स्वास्थ्य सुविधा भी सबको हो सुलभः डॉ. राजेश मिश्रा

**ब्यौहारी।** नगर पालिका क्षेत्र एवं व्यवहारी विधानसभा के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया विश्राम गृह व्यवहारी में स्वागत के पश्चात 72 लाख रुपए से खटखारिया तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा जिसका भूमि पूजन सीधी सांसद द्वारा किया गया इसके बाद ग्राम पंचायत बरहा टोला के विजही तालाब पहुंचे जहां पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीधी लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र है व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र में मुझे जनता का विशेष प्यार मिला है और आठों विधानसभा में सबसे ज्यादा मतों से जीतने वाली विधानसभाओं में ब्यौहारी विधानसभा दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चितरंगी है उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव ऐसा ना बचे कोई भी मोहल्ला ऐसा ना बचे जहां बिजली ना हो स्वास्थ्य सुविधाओं का भी लाभ सबको मिलना चाहिए स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लूंगा जयसिंहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं व्यवहारी सिविल हॉस्पिटल की व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाए । प्रथम संबोधन करते हुए नमामि गंगे अभियान के तहत जल गंगा संवर्धन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी राजेश जैन जिला पंचायत सीईओ द्वारा दी गई ।कार्यक्रम को क्षेत्र के विधायक शरद कोल द्वारा भी संबोधित



किया गया ग्राम पंचायत बरहा टोला के सरपंच आत्माशंकर पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जल , जंगल जमीन से संबंधित कार्यक्रम शिवकुमार साकेत द्वारा प्रस्तुत किया जो बहुत ही मनमोहक था जनसभा के बाद सांसद द्वारा विजही तालाब का सौंदरीकरण की कुदाल चलाकर शुभारंभ किया सांसद द्वारा सीधी लोकसभा के सहसंयोजक विमलेश मिश्रा विधानसभा के संयोजक शत्रुघ्न पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीकृष्ण गुप्ता राजन और अपने व्यक्तिगत प्रतिनिधि डॉक्टर देवेंद्र त्रिपाठी, सतिका प्रसाद तिवारी के विशेष सहयोग के लिए विशेष आभार जताया उन्होंने कहा कि व्यवहारी की जनता ने हमें असीम प्रेम दिया है और इसका रिण मै पाई पाई चुका दूंगा । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा कमल प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष, राजेश जैन सीईओ जिला पंचायत,डां जी एस परिहार सिविल सर्जन शहडोल ,संतोष लोहानी, शत्रुघ्न पटेल श्री कृष्ण गुप्ता राजन नगर पालिका अध्यक्ष व्यवहारी, लालचंद गुप्ता सीधी डॉ देवेंद्र त्रिपाठी सीधी, संतोष शुक्ला नौढिया सरपंच, आकांछी प्रीतू सिंह,डां अशोक तिवारी ,पुष्पेंद्र पटेल द्वय ,दुर्गेश तिवारी, रामनारायण पांडे जयसिंह नगर मंडल अध्यक्ष, श्याम पाल तिवारी, नीरज गुप्ता, रामबहोर तिवारी, आशीष गुप्ता विक्रमादित्य गुप्ता, वीरेंद्र वैश्य, संजय गुप्ता, रामकृष्ण चतुर्वेदी, मालती सिंह जनपद अध्यक्ष जयसिंहनगर,राजेश तिवारी, विकास द्विवेदी चरका ,शिवकुमार तिवारी अमझोर, राहुल द्विवेदी,राम सुनील पनिका, नगर पालिका ब्यौहारी की तरफ से चंद्रकाली पटेल उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह ,देवा साकेत, सोनू साकेत,शांति मनोज कोल, एवं अन्य कई पार्षद उपस्थित थेकार्यक्रम का संचालन रवि द्विवेदी द्वारा किया गया।प्रशासनिक अधिकारियों ने निभाई सराहनीय भूमिका।- एसडीएम, व्यवहारी के नेतृत्व में जयसिंहनगर एवं ब्यौहारी के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी सक्रिय रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगे हुए थे सभी व्यवस्थाएं बहुत ही अच्छी थी प्रशासनिक अधिकारियों में नरेंद्र सिंह धुर्वे एसडीएम व्यवहारी प्रगति वर्मा एसडीएम जैंसिंहनगर, अशोक मरावी जनपद सीईओ जैसींहनगर, रामावतार सिंह जनपद सीईओ ब्यौहारी-अरुण कुमार श्रीवास्तव मुख्य नगर पालिका अधिकारी, ब्यौहारी ,अल्केश सिंह इंजीनियर, सहित सैकड़ो जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण उपस्थित थे।

## पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

# पल्स पोलियो अभियान में पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई






**रीवा**

जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिन तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान का आज शुभारंभ हुआ। मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल एवं राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष बफत वारसी एवं कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की उपस्थिति में पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोई भी गली एवं मोहल्ला इस अभियान से छूटे नहीं। इसमें पाँच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाए। अपने उद्बोधन में राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष बफत वारसी ने कहा कि हमारे देश से पोलियो का उन्मूलन हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों में इसके प्रकरण मिलने के कारण यह अभियान संचालित किया जा रहा है ताकि हमारे देश का प्रत्येक बच्चा इस बीमारी से दूर रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों की अभियान में सहभागिता की अपेक्षा की। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में 390140 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान में मीजल्स और रूबेला का भी टीका लगेगा। अतः स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग बूथ स्थल के अतिरिक्त डोर टू डोर संपर्क कर सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बच्चों को नियत समय पर लगने वाले टीके लगाए जाएं तथा जो बच्चे इसमें छूट गए हैं उनका भी टीकाकरण करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के साथ ही महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभागों को अभियान में पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रथम दिवस पर अधिकतम बच्चों को बूथ में पोलियो की दवा पिलाई जाए और यदि किसी कारणवश बच्चे बूथ में न पहुंचे तो उनके घर जाकर इसका डोज दें।

इस अवसर पर राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ संतोष शुक्ला ने कहा कि रीवा में कोविड वैक्सीनेशन में उल्लेखनीय कार्य हुआ साथ ही जन्म के समय ही बच्चे को टीके का डोज लगाने में भी रीवा प्रथम स्थान पर रहा है। टीकाकरण के मामले में रीवा में हुए नवाचार को देश में प्रसंशा मिली है। उन्होंने पल्स पोलियो अभियान में बच्चों को दो बूंद की खुराक पिलाकर डबल सुरक्षा कवच देने में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। इससे पूर्व अभियान के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान 390140 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो की दवा पिलाने के लिए जिले भर में 2490 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इनमें दवा पिलाने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात किए गए हैं। पोलियो बूथ आंगनवाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन तथा स्कूलों में बनाए गए हैं। पोलियो की दवा पिलाने के लिए 48 ट्रांजिट टीमें तथा 23 मोबाइल दल भी बनाए गए हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बड़े हॉट बाजारों, बड़े निर्माण स्थलों पर भी पोलियो की दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है। बूथ न पहुंचने वाले बच्चों को 24 एवं 25 जून को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जी के प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय, डॉ नितिन कोठारी, प्रभारी डीन डॉ पीके लखटकिया, डॉ केएल नामदेव, अधीक्षक डॉ राहुल मिश्र, डॉ बीके अग्निहोत्री सहित स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के अधिकारी/नौनिहाल के साथ उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील अवस्थी ने किया।

# लाज संचालक ने पत्रकारों के विरुद्ध एसपी को की शिकायत

ब्योहारी। ब्योहारी चांदनी लाज के शिवम गुप्ता ने ब्योहारी के कुछ स्थानीय पत्रकारों से मानसिक रूप से प्रताड़नाओं एवं ब्लैक मेलिंग से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक शहडोल से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है ।

यह है मामला - शिवम गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक शहडोल को की गई शिकायत में लिखा है कि मेरे व्यवसायिक लाज में कुछ लोग अपने दस्तावेजों को दिखाकर एवं लाज के रजिस्टर में विधिवत इण्ट्री करवाकर रुके हुए थे जिसमें यदि किसी प्रकार की कोई गलती पाई जाती है तो उसमें कार्यवाही करने का अधिकार पुलिस प्रशासन को है और पुलिस प्रशासन मामले की जांच कर भी रही है । मगर ब्योहारी के कुछ अपराधिक प्रकार के लोग जिन पर गंभीर मामले थाने से लेकर न्यायालय तक चले हैं और कोई तो हाल ही में जमानत पर जेल से शर्त के साथ बाहर आया हुआ है जिस पर भा द सं की धारा 420 लगी हुई है प्रकरण विचाराधीन है एवं शिवम् गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक शहडोल से यह भी विनती की है कि इसमें एक पर 376 का मामला भी रहा है ऐसे भी कुछ लोग मिलकर मुझे और मेरे पिताजी को ब्लैकमेल कर रहे हैं एवं पैसों की मांग कर रहे हैं जिसके कारण मेरा परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहा है एवं प्रतिष्ठान की छवि धूमिल करने में ये लोग तुले हुए हैं । धमकियां मिलती हैं कि हमारी बात नहीं मानी तो रोज रोज प्रकाशन करके तुम लोगों का जीना दूभर कर देंगे, गत दिवस धौंस देकर वसूली की शिकायत भी समाचार पत्र में प्रकाशित हो चुकी है जिससे



ब्लैक मेल करने वाले तिलमिलाए हुए हैं एवं अधिकारियों को बचाव हेतु ज्ञापन सौंप रहे हैं ।

शिकायत का विवरण - शिवम गुप्ता ने शिकायती पत्र में बतलाया है कि उसके लाज में स्त्री पुरुष दो बच्चे अपने दस्तावेजों सहित ठहरे हुए थे जिन पर पुलिस छानबीन कर रही है फिर इन स्थानीय लोगों व पत्रकारों ने जिनके वीडियो भी मेरे पास है मुझसे पांच पांच हजार रुपए की मांग इसलिए कर रहे हैं कि वो मामले को सम्हाल लेंगे एवं बाद में जब परेशानी अत्याधिक बढ़ गई तो मैंने पुलिस अधीक्षक शहडोल से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की ।

# नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें - उप मुख्यमंत्री

## दो बूँद ज़िंदगी की पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया

**दो बूँद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार**

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जिला शीघ्र हस्तक्षेप इकाई (जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर) भोपाल में पोलियो ड्राप पिलाकर मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया।

**रीवा**





उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश वर्ष 2008 से आज तक पोलियो मुक्त बना हुआ है। उन्होंने प्रदेश के समस्त नागरिकों, अभिभावकों से अपील की है कि अपने नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। प्रदेश में शुरू हो रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को नज़दीकी पोलियो बूथ में जाकर दो बूँद ज़िंदगी की अवश्य दिलायें और देश और प्रदेश को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना योगदान दें। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने उपस्थित जनों को पोलियो ड्रॉप और वैक्सीनेशन अभियान में सहयोग करने का संकल्प दिलाया।

स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में सभी नागरिक सहयोग दें:- उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 जून से प्रदेश में दस्तक अभियान शुरु किया जा रहा हैं। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग का अमला घर-घर जाकर दस्तक देगा। अभियान में बच्चों की वैक्सीनेशन के साथ-साथ अन्य जाँच भी की जाएगी और आवश्यकतानुसार उपचार के व्यवस्था की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में सभी नागरिक सहयोग दें। उपचार की व्यवस्था के लिए पर्याप्त अधोसंरचना और मैनपॉवर की व्यवस्था शासन द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि उपचार की व्यवस्था के संपूर्ण स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए दिनचर्या में योग व्यायाम और उचित आहार को शामिल करें। उप मुख्यमंत्री ने शिक्षारत चिकित्सकों से अपील की है कि ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने में आगे आयें।

स्वास्थ्य विभाग के अमले को नागरिक सहयोग प्रदान करेंः- राज्य मंत्री पटेल - लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि हम पोलियो से मुक्त हैं। इस अवस्था को बनाये रखने के लिए सतत सजग और सचेत रहने की ज़रूरत है। स्वास्थ्य विभाग का अमला सतत कार्य कर रहा है इस अभियान में सभी नागरिकों के सहयोग की ज़रूरत है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री पटेल, विधायक भगवानदास सबनानी ने नौनिहालों को पोलियो ड्रॉप पिलाई। एक करोड़ 11 लाख 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने काई लक्ष्यः- प्रदेश में पोलियो सुरक्षा चक्र बनाये रखने के लिए 23 जून से 25 जून तक प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में लगभग एक करोड़ 11 लाख 0-5 वर्ष के बच्चों को लक्षित किया गया है। प्रथम दिवस (पोलियो रविवार) 54 हजार 742 बूथ, 1237 ट्रांजिट बूथ, 6130 हाई रिस्क एरिया एवं माईग्रटरी बूथ बनाये गये हैं। जिनमें 55,958 वैक्सीनेटर्स द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। जिसकी मॉनिटरिंग 7,366 सुपरवाईजरों द्वारा सुनिश्चित की जावेगी। अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन 27,271 टीमों द्वारा एक करोड़ 28 लाख घरों का भ्रमण कर बच्चों को पोलियो की खुराक दी जावेगी।

प्रदेश में आयोजित मेला स्थलों, बजारों, एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड इत्यादि स्थलों पर पोलियो दवा पिलाने हेतु 1,237 ट्रांजिट बूथ स्थापित किये गये है। साथ ही एक भी बच्चा पोलियो दवा से वंचित ना रहे इसको ध्यान में रखते हुये हाई रिस्क क्षेत्रों (यथा- ईंट भट्टे, क्रेशर, निर्माण स्थल, घुमक्कड़ आबादी एवं झुग्गी बस्तियों) में 500 मोबाईल टीम की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में अभियान के लिये 1 करोड़ 45 लाख पोलियो डोज़ की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह, संचालक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ अरुणा कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, चिकित्सकीय स्टाफ, नौनिहालों के साथ अभिभावक और आमजन उपस्थित थे।

# जो छोड़ने की इच्छा रखता है उसका नाम मुमुक्षु हैः आचार्य श्री

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा एक चुंबकीय तत्व है जो कि वह लोह तत्व को अपनी ओर आकर्षित करता है दोनों का संबंध हो जाता है इसी प्रकार आत्मगत कुछ ऐसे परिणाम है जिन परिणाम के माध्यम से कर्मों का भी संबंध हुआ करता है। कर्म दिखाई नहीं देते पर विश्वास का विषय बनता है ।आत्मगत परिणाम भी देखने में नहीं आते और वह कर्म भी देखने में नहीं आता किंतु उन दोनों का संबंध हो जाता है ।और यह संबंध हुआ नहीं अनादि काल से इसका संबंध है ।शरीर अंग का और जीव इन दोनों का अपने आप में संबंध अनादिकालीन है। उस संबंध को तोड़ने के लिए यह मोक्ष पुरुषार्थ किया जा रहा है ।और जो छोड़ने की इच्छा रखता है उसका नाम मुमुक्षु ऐसा कहा है जो छोड़ने की इच्छा रखता है उसका नाम मुमुक्षु है और जो जोड़ने की इच्छा रखता उसका नाम भुभुक्षु है। भोगने की इच्छा रखता है पर वस्तु के साथ संबंध रखने की इच्छा रखता उसका नाम भुभुक्षु है। आपको क्या बनना है मुमुक्षु या भुभुक्षु जहां से आए हैं नहीं लौटेंगे तो भुभुक्षु कहलाएंगे।

## खबर संक्षेप

### यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को मिलेंगे एक लाख

**अनूपपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी गतिविधियों के हिस्से के रूप में निर्माण (राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा के मुख्य उम्मीदवारों को पुरस्कृत करने के लिए नोबल पहल) योजना शुरू की है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा और वन सेवा परीक्षा 2024 के प्रारंभिक दौर में उत्तीर्ण होने वाले खनन जिलों के प्रत्येक उम्मीदवार को 1 लाख रुपये दिए जाएंगे। प्रारंभिक नतीजे घोषित होने के अगले दिन से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सीआईएल पात्र उम्मीदवारों को आवेदन करने और योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर राज्यमंत्री ने किया अभियान का शुभारंभ



**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने अपने गृह जिले के जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित वार्ड क्रमांक 2 के आंगनबाड़ी केंद्र पहुंच कर नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बून्द पिलाकर इस राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की। तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए के अवधिया सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास का अमला उपस्थित था। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने इस दौरान बच्चो को पोलियो ड्रॉप पिलाई। तथा उपस्थित जनों को अभियान के सफल क्रियान्वयन में सहयोग का संकल्प दिलाया। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने अभिभावकों से आव्हान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक अवश्य पिलाये ताकि कोई भी बच्चा छूटे न। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 23 जून को आयोजित किया जा रहा है। पल्स पोलियो अभियान तीन दिवस तक चलाया जायेगा। प्रथम दिवस 23 जून को पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के साथ 24 एवं 25 जून को टीम सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

### जिले में 2.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 2.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र कोतमा में 4, अमरकंटक में 8.2, तथा बिजुरी मे 7.2 वर्षा दर्ज की गई। वर्षा मापी केंद्र अनूपपुर, जैतहरी, वेंकटनगर, बेनीबारी,पुष्पराजगढ़ में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### ठेकेदारी व मैटेरियल सप्लाई में पार्षद मस्त

**बिजुरी।** नगर पालिका परिषद बिजुरी जहां नगर की जनता व भाजपा के कार्यकतार्ओं द्वारा बड़े मेहनत के साथ भाजपा की परिषद को बैठाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान व सहयोग दिया कि जिससे नगर का विकास सही रूप से हो सके, मगर जैसे ही नगर पालिका परिषद में भाजपा की परिषद काबिज हुई। वैसे ही नव निर्वाचित पार्षद नगर का विकास छोड़ अपने ही विकास में लग गए, बिजुरी नगर पालिका परिषद के कई पार्षद जो दिन रात नगर पालिका में बैठकर अपने फर्जी फाइलों के माध्यम से नगर के पैसे को अपने सदुपयोग में ले रहे हैं। नगर पालिका परिषद बिजुरी में अधिकांश फाइले पार्षदों की ही चलती रहती है निर्माणकार्य से लेकर सामान सप्लाई सभी काम इन्हीं पार्षदों को ही करना है बेचारे कार्यकर्ता जो दिन-रात मेहनत कर उन्हें पार्षदों को जिताने में व भाजपा की परिषद को बैठाने में दिन-रात मेहनत किए कि भाजपा की परिषद बन जाएगी ।

---

खबर का असर

# खबर प्रकाशन के बाद नींद से जागा खनिज अमला

## रामपुर बटुरा कोयला खदान के पास रेत के अवैध भण्डारण पर हुई कार्यवाही

### जिले भर में रेत के अवैध कारोबार पर ठोस कार्यवाही की दरकार

अनूपपुर।

जिले भर मे अवैध तरीके से रेत के उत्खनन, परिवहन व भण्डारण का सिलसिला लगातार जारी है, परंतु जिम्मेदार अमला हाथ पर हाथ धरे बैठा है। यदा कदा कुछेक मामलों मे कार्यवाही कर खनिज अमला कर्तव्यों से इतिश्री कर लेता है जबकि जिले मे लगातार बेरोकटोक रेत का अवैध व्यापार चरम पर है। जिला मुख्यालय से लगे रामपुर बटुरा कोयला खदान के पास कठना नदी के ऊपर लगे रेत के ढेर पर खनिज अमले की नजर नही पड़ने पर हरिभूमि ने आंखें खोली और वहां खनिज विभाग को 21 जनवरी को 780 घनमीटर अवैध रेत मिली जिस पर कार्यवाही की गई।



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Virat Bhoomi - 21 Jun 2024 - Page 4

रेत के अवैध भंडारण करने वालों पर कार्रवाई नहीं, अमला उदासीन

प्रतिबंध के बाद भी अवैध खनन, भंडारण पर नहीं लग पा रही रोक

### खबर प्रकाशन के बाद नींद से जागा विभाग

20 जून को हरिभूमि मे खबर प्रकाशन के बाद जिला मुख्यालय से लगे रामपुर बटुरा कोयला खदान के पास कठना नदी के ऊपर लगे रेत के ढेर मे खनिज विभाग ने 21 जून की दोपहर लगभग 12 बजे कार्यवाही की जहां 780 घन मीटर के लगभग अवैध रेत का भण्डारण जप्त किया गया वही एक लाख से ऊपर की रॉयल्टी की चोरी बताई जा रही है। अवैध रेत भण्डारण पर खनिज निरीक्षक श्रीमती ईशा वर्मा, कोतवाली अनूपपुर के सब इंस्पेक्टर संजय खलको की टीम ने उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया।

### ठोस कार्यवाही की दरकार

ज्ञात हो कि जिले में रामपुर के अलावा जिले के अन्य क्षेत्रों मे रेत के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रतिबंध के बाद भी रोक नहीं लग पा रही है। माफिया बेखौफ होकर न केवल नदियों से रेत का अवैध खनन कर रहे हैं। बल्कि उसका भंडारण व परिवहन भी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार जिले में पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने रेत के भंडारण रोक लगा दी है। ताकि कोई भी रेत का अवैध रुप से खनन न कर सके, लेकिन इस प्रतिबंध के बाद भी जिले में रेत के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण का कार्य बेखौफ रुप से चल रहा है। रेत के अवैध खनन, भंडारण और परिवहन मामले में संबंधित पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती है। जिसके कारण माफिया बेखौफ होकर इस कार्य को अंजाम देते हैं जिसमे ठोस कार्यवाही की दराकार है।



### हवा में मुख्यमंत्री के निर्देश

मुख्यमंत्री द्वारा अवैध खनिजों के उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश के बाद प्रदेश के कई जिलों के अफसर एक्शन मोड में आ गए। प्रदेश के अन्य जिलों में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन सरकार की सख्ती के बाद भी अनूपपुर जिले में बैठे रेत कारोबारियों के हौसले पस्त नहीं हो रहे हैं। खनिज विभाग के उदासीन रवैया के चलते सरकार की किरकिरी हो रही है। मामला रेत की कालाबाजारी का है। जिला मुख्यालय में कालाबाजारी करने वाले रेत कारोबारी कई स्थानों पर रेत का अवैध भंडारण करने में लगे हुए हैं।

### इनका कहना है

रामपुर बटुरा खदान के पास 780 घनमीटर अवैध रेत जप्त करते हुये प्रकरण कलेक्टर न्यायालय मे पेश किया जायेगा।

**श्रीमती ईशा वर्मा खनिज निरीक्षक अनूपपुर**

---

## कपड़ा गोदाम में लाखों की चोरी, कंबल, तिरपाल, दरी किया पार

# नगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं



कोतमा।

नगर में पिछले 15 दिनों के अंदर हुई आधा दर्जन से अधिक चोरियों का खुलासा अभी तक हुआ नहीं है कि और वारदातें लगातार बढ़ती जा रही है। नगर में आज आलम यह है कि घरों के सामने रखे दो पहिया वाहन सहित दुकानों के ताले बेखौफ टूट रहे हैं। कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 2 में रहने वाले कपड़ा व्यापारी विपुल गोयंका 30 वर्ष के मनेंद्रगढ़ रोड अकरम पेट्रोल पंप के सामने स्थित गोदाम में चोरों ने ताला चटकाते हुए लाखों रुपए के कंबल, बरसाती पन्नी, तिरपाल, दरी सहित गोदाम में रखी 3 से 4 सौ लिप्टिस की बल्लिया चोरी कर ले गए हैं। शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात को हुई। घटना की जानकारी रविवार को सुबह पता चली जब व्यापारी विपुल अपने गोदाम गए। विपुल गोयनका ने थाना कोतमा में लगभग 4 लाख रूपए के समान चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

### अब तक नही सुलझे चोरी के ये मामले

कोतमा थाना अंतर्गत बीते कुछ दिनों के अंदर लगातार चोरी की घटनाओं में ईजाफा हुआ है। टीचर कॉलोनी वार्ड 7 में निवास करने वाले सुधीर सक्सेना के सूने घर में चोरों ने कई ताले चटकाते हुए नगदी सहित लाखों रुपए के कीमती गहने चोरी कर ले गए वार्ड क्रमांक 1 अटल द्वार के पास निवास करने वाले ठेकेदार शीलभद्र जोशी की घर के सामने खड़ी दो पहिया वाहन का लॉक तोड़कर चोरी कर ले गए। बीच बाजार वार्ड क्रमांक 2 में रहने वाली निर्मला द्विवेदी की भी दो पहिया वाहन को भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर फरार हो गए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 2 में स्थित शारदा मंदिर एवं वार्ड क्रमांक 4 बस स्टैंड में स्थित गणेश मंदिर को भी चोरों ने निशाना बनाते हुए मंदिर की दान पेटी, लोहे के गेट, सहित घंटियां व अन्य कीमती सामान की चोरी कर ले गए। इन मामलों का खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर सकी है। चोर गिरोह द्वारा आए दिन चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस गस्त के दावों की पोल खोल निरंतर बढ़ती चोरी पुलिस के लिए अबूझ पहेली बनी हुई है। प्रतीदिन हो रही चोरी से नगर के व्यापारियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

---



# जंगली हाथियों के विचरण क्षेत्र का विधायक के साथ अधिकारियों ने लिया जायजा

**अनूपपुर।** जिले के वन परिक्षेत्र जैतहरी के बीट गोबरी के कक्ष क्रमांक 302 में विगत कई दिनों से दो हाथियों के द्वारा ग्रामीणों के खेतों तथा घरों में रखे अनाज, सब्जियां एवं अन्य आहार को अपना ग्रास बनाने के लिए रहवासो को नुकसान पहुंचाया जा रहा है जंगली हाथियों के ठहराव से जहां एक और ग्रामीण परेशान है वहीं जिला प्रशासन के आला अधिकारी भी निरंतर निगरानी में लगे हुए हैं तथा हाथियों के विचरण की मॉनिटरिंग के साथ ही ग्रामीणों के सुरक्षात्मक प्रयास हेतु जन जागरूकता आदि के प्रयास अपने स्तर से सुनिश्चित किये जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से अनूपपुर जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले जंगली हाथियों के द्वारा ग्रामीणो व किसानों के नुकसानी की समस्या तथा जान माल की रक्षा के लिए सतत चौकन्ना रहने की समस्या विगत वर्षों मे होने से कानून व्यवस्था के नजरिये से जिला प्रशासन को दिक्कतो का भी सामना करना पड़ रहा है। जंगली हाथियों के छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से जिले के गोबरी क्षेत्र में विगत कई दिनों से रहने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में दहशत को देखते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने वन क्षेत्र गोबरी का जायजा लिया गया इस दौरान पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह भी उपस्थित हुए उन्होंने मौका भ्रमण किया तथा ग्रामीणों से चर्चा करते हुए जंगली हाथियों के विचरण को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षात्मक सावधानियां बरतने की अपील की गई उन्होंने कहा कि चौकन्ना रहकर जान माल की सुरक्षा सभी लोग सुनिश्चित करें वरिष्ठ अधिकारियों के भ्रमण के दौरान एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत प्रभारी रेंज ऑफिसर अजेंद्र सिंह रेंज ऑफिसर कोतमा हरीश तिवारी डिप्टी रेंजर जैतहरी रावेन्द्र सिकरवार सहित वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। गोबरी ग्राम का भ्रमण करते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने वन अधिकारियों को जंगली हाथी जिस मार्ग से आए हैं उसी मार्ग से वापसी के लिए रूपरेखा तैयार करने संबंधी कार्यवाही वरिष्ठ वन अधिकारियो के निर्देशानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जंगली हाथियों के विचरण की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जंगली हाथियों के वापसी कार्य में अनुभवी वन अधिकारियों का मार्गदर्शन लेकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए जिससे जंगली हाथियों के बार-बार विचरण से हो रहे नुकसान से ग्रामीणों को राहत मिलने के साथ ही शांतिपूर्ण जीवन यापन भी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों से चर्चा कर सहयोग प्राप्त करने के भी निर्देश दिए।

---



### अखिल भारतीय पत्रकार कल्याण संघ का पत्रकार संगोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

**अनूपपुर।** अखिल भारतीय पत्रकार कल्याण संघ का प्रांतीय अधिवेशन कार्यकारिणी गठन, राष्ट्रीय कार्य परिषद की बैठक प्रगतिशील पत्रकार सम्मान एवं संगोष्ठी कार्यक्रम अमरकंटक में नर्मदे हर सेवा न्यास आश्रम में 23 जून दिन रविवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप जायसवाल कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री, मध्य प्रदेश शासन,कार्यक्रम के अध्यक्ष राम लाल रौतेल, अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण, मध्य प्रदेश शासन एवं डी.सी. सागर, अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक, पांचजन्य पत्रिका के लेखक एवं राष्ट्रीय विचारक प्रशांत बाजपेयी, एवम अखिल भारतीय पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद दीक्षित,अंबिका तिवारी विशिष्ठ अतिथि सहित अधिमान्य पत्रकार सुनील चौरसिया सहित सैकड़ों प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों की गरिमामयी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत माँ नर्मदा जी एवं स्वर्गीय भगवत शरण माथुर के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलन कर हुई। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह ,साल श्री फल से सम्मानित किया गया आए हुआ सभी पत्रकारों का अंग वस्त्र एवं साल श्री एवं पुष्प माला देकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बैठक कार्य कारणी से मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष आदर्श दुबे का नाम तय हुआ जो पूर्व में प्रदेश महासचिव के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे एवं प्रांत ने अनूपपुर जिले के अध्यक्ष रामभुवन गौतम का नाम तय किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारणी सहित प्रांतीय सदस्यों ने नवीन दायित्बान पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी की शुभ कामनाएं प्रदान की।

**संविधान की मूल धारणा को समझना आवश्यक-** कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में प्रशांत बाजपेई राष्ट्रीय विचारक लेखक पांचजन्य पत्रिका ने पत्रकारो को सम्बोधित करते हुए यह बात कही कि स्कूली शिक्षा और 8 वी के पाठ्यक्रम में अल्पसंख्यक और बहु संख्यक की परिभाषा और उनके हक के विषय मे पढ़ाया जा रहा है। पश्चिमी सभ्यता और वामपंथियों के द्वारा एजेंडे में बच्चों को समाज मे लिंग भेद, अल्पसंख्यक मानसिकता फैलाना और सामाजिक समरसता को खंडित करने का कार्य किया जा रहा है।

---

## 45 वर्षीय अधेड़ पर भालू ने किया हमला

# मंत्री ने अस्पताल पहुंचकर ली स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

अनूपपुर।

नगर परिषद डूमरकछार से लगे जंगल में शनिवार की सुबह अपने एक साथी के साथ डोरी बीने गए 45 वर्षीय अधेड़ पर एक भालू ने हमला कर घायल कर दिया जिसे दोपहर बाद सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिजुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्रारंभिक उपचार के बाद पीड़ित के बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया है जहां उपचार जारी है, वन विभाग कोतमा द्वारा घायल की परिजन को प्रारंभिक सहायता राशि प्रदान करते हुए जंगल में भालू के विचरण पर नजर बनाए हुए हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामनगर थाना एवं कोतमा रेंज अंतर्गत टंकी पूर्व बीट के जंगल में जो नगरपरिषद डूमरकछार की बैगानटोला से लगा हुआ है में शनिवार की सुबह 45 वर्षी बुद्धू बैगा पिता गोविंद बैगा अपने साथी संतराम बैगा के साथ डोरी बीनने के लिए गया रहा। इस दौरान सुबह 9 बजे के लगभग एक अकेला भालू जो विचरण कर रहा था ने दौड़ कर हमला कर घायल कर दिया है जिससे के आंख के ऊपर एवं सिर के पास गंभीर चोंटे आई। घायल को संतराम द्वारा अपने मोहल्ले में लाते हुए दोपहर में वनविभाग कोतमा के कर्मचारियों को सूचित किया गया जिस पर मौके पर पहुंचकर परिक्षेत्र सहा, रामनगर तुलसीदास नापित एवं वनरक्षकों ने घायल को निजी वाहन से बिजुरी अस्पताल ले जाकर उपचार कराया। ड्यूटी डॉक्टर द्वारा प्रारंभिक उपचार करने बाद गंभीर रूप से घायल अधेड़ के बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेजे जाने पर देर शाम सर्जन डॉक्टर साकेत कौशिक एवं डाक्टर विनोद कुमार द्वारा घायल का उपचार प्रारंभ किया है। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी कोतमा हरीश कुमार तिवारी के द्वारा घायल के परिजन को शासन के नियमानुसार प्रारंभिक सहायता राशि प्रदान करते हुए जंगल में भालू के विचरण पर कर्मचारियों के माध्यम से नजर बनाए रखे हुए हैं।



### मंत्री ने घायल से चर्चा कर ली स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचकर नगर परिषद डूमरकछार निवासी भालू के हमले से घायल वृद्ध बुद्धू बैगा के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री जायसवाल के भ्रमण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ए के अवधिया, सहित सर्व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भालू के हमले से घायल श्री बैगा के चिकित्सा एवं उपचार के लिए हर संभव बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही उन्होंने जिला चिकित्सालय के भ्रमण के दौरान भर्ती मरीजों से भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं के प्रति सभी मरीजों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई।



---

### एमबी पावर परिसर में आयोजित योग शिविर ने सिखाया संतुलित स्वास्थ्य का सूत्र



**जैतहरी।** संतुलित शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को समर्पित 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एम बी पॉवर परिसर में योग शिविर का आयोजन रखा गया। इस शिविर में आईजीएनटीयू, अमरकंटक से प्रशिक्षित आचार्य निशांत मिश्रा, आचार्य प्रवीण कुमार और आचार्या सूफिया परवीन एवं पतंजलि योगपीठ से प्रशिक्षित आचार्या सुधा मालवीय आदि अनुभवी योग गुरु उपस्थित हुए। शिविर का शुभारंभ कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग के प्रमुख आर के खटाना ने योग गुरुओं के परिचय के साथ किया। शिविर में योग गुरुओं ने सहभागियों को योग के विभिन्न आसनों, मुद्राओं एवं प्राणायामो जिनमें भस्त्रिका, कपालभाति, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम आदि का अभ्यास कराया और इससे मिलने बाले लाभो से अवगत कराया शिविर में मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग के प्रमुख आर के खटाना ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह समग्र मानसिक-विकास का मूल सूत्र है। शिविर में बाल भारती पब्लिक स्कूल के बच्चो ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सामूहिक तांडव नृत्य की प्रस्तुति से विभिन्न योग मुद्राओं को प्रदर्शित किया। शिविर में कंपनी के प्लांट प्रमुख बसंता मिश्रा ने योग एवं व्यायाम के आश्चर्यजनक लाभों पर प्रकाश डाला और बताया कि योग सनातन काल से निरोग जीवन बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण पद्धति रही है, हमारे पूर्वज, ऋषि-मुनि इस पद्धति को जीवन में अपनाते थे और और सैकड़ों-हजारों वर्षों तक जीवित और स्वस्थ रहते थे, इस प्रकार हम भी योग को अपने दिनचर्या में शामिल कर जीवन को लंबा एवं निरामय रख सकते हैं। शिविर में सहभागियों ने शरीर के विभिन्न अंगों को लाभ पहुंचाने वाले आसनों, मुद्राओं, भंगिमाओं का जमकर अभ्यास किया। कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग के प्रमुख आर,के, खटाना ने सभी योग प्रशिक्षको शिविर के भागीदारों को कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।

### बिजुरी नगर के होटल में हो रहा घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग

**बिजुरी।** बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर कि अधिकांश होटलों व ठेलों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है, नियम अनुसार व्यावसायिक दृष्टिकोण से होटलों के उपयोग हेतु सरकार द्वारा अलग व्यावसायिक सिलेंडर निर्धारित किया गया है, मगर देखा जा रहा है कि अधिकांश होटलों और ठेलो के संचालक घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर शासन की नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं, जिसे एक तरफ घरेलू गैस की कालाबाजारी क्षेत्र में काफी बढ़ी हुई है वहीं सुरक्षा के मापदंड के अनुसार भीड़भाड़ वाले जगहो में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जाना सही नहीं है जिले की खाद्य अधिकारी भी इस विषय पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिससे इन घरेलू गैस सिलेंडरों के ये उपयोगकर्ता निर्भीकता के साथ घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। जिला प्रशासन को चाहिए कि बिजुरी नगर में स्टेशन चौराहे से लेकर पीपल तिराहे तक संचालित सभी होटल में जांच कर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे होटल संचालकों पर कानूनी कार्रवाई करें जिससे नगर में घरेलू गैस सिलेंडरों की हो रही कालाबाजारी पर अंकुश लग सके।